4 वन्य जीवों के शिकार की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि




## खबर संक्षेप

### उज्जवला के चयनित हितग्राहियों को मिलेगा गैस कनेक्शन

**एमसीबी।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़ जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान आम जनता को केन्द्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने को प्रयास किया जाएगा।

### जिला अस्पताल में कैंटीन का ठेका निरस्त

**बैकुण्ठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में कैंटीन संचालित करने वाले स्व सहायता समूह का ठेका सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने निरस्त कर दिया है। कैंटीन के ठेके को निरस्त करने का कारण नगर पालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर एवं वार्ड पार्षदों की शिकायत को बताया गया है। ठेका निरस्तीकरण की जानकारी स्व सहायता समूह को पत्र के माध्यम से दी गई है। समूह को जारी पत्र में लिखा है कि नगर पालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर एवं वार्ड पार्षदों द्वारा 8 दिसंबर को चिकित्सालय परिसर में संचालित कैंटीन संचालक के विरुद्ध शिकायत पत्र दिया गया था, इस आधार मानते हुए समूह को दिया गया ठेका 11 दिसंबर से निरस्त किया जाता है।

### कलेक्टर ने देखी ईसीसीई गतिविधियां

**एमसीबी।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके खाती द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र 233 वार्ड क्रमांक 21 अ में आकस्मिक भेंट के दौरान पर्यवेक्षक एवं हितग्राही बच्चों के साथ ईसीसीई की गतिविधियां की गई है। भेंट के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दोनों ही केन्द्र पर उपस्थित थी, बच्चों ने खूब आनंद पूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। इस केन्द्र में हितग्राहियों की संख्या में 6 माह से 3 वर्ष के 12 बच्चे, 6 माह से 3 वर्ष के 28 बच्चे, गर्भवती माताओं 2, शिशुवती माताओं 2, दर्ज है। पर्यवेक्षक एवं कार्यकर्ता द्वारा केन्द्र को आकर्षक ढंग से सजाने एवं अच्छे तरीके से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी ने द्वारा दोनों की प्रशंसा की एवं सभी केन्द्रों को इसी ढंग से तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर कोरिया ने जारी किए आदेश, शीतलहर का हो रहा एहसास

# ठंडी हवाओं से कांप रहे लोग, बदला स्कूलों का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी में सर्दी का सितम जारी हो गया है। उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के चलते प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है, जिसकी वजह से ठंड में बढ़ोत्तरी हुई है। बढ़ती ठंड से जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह कोहरा छाया रहता है। बढ़ती हुई ठंड की वजह से यात्रियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ठंड का असर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में भी देखा जा रहा है, यहां पर शीतलहर चलने की वजह से लोगों को काफी ठंड महसूस होने लगी है। जैसे-जैसे दिसंबर का महीना बीत रहा है, वैसे-वैसे जिले में सर्दी का असर तेजी से बढ़ रहा है। न्यूनतम तापमान में भी लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले कुछ दिनों की तुलना में अब ठंड का असर बढ़ गया। न्यूनतम तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। विदित हो कि सोमवार को जिले का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से घटकर 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। अब को न्यूनतम तापमान घटकर 10 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। सुबह से ही सर्दी का असर बढ़ गया है। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर बना हुआ है। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े पहन रहे हैं। सुबह और शाम के समय अलाव के पास बैठे नजर आ रहे हैं। इधर बढ़ते ठंड को देखते हुए कलेक्टर ने भी स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के लिए आदेश जारी कर दिया है। दिसंबर का महीना शुरू होने के साथ ही अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला और इस दौरान बिगडे मौसम के बीच बे मौसम बारिश भी हुई, इसके बाद जब मौसम साफ हुआ तो उत्तरी ठंडी हवाएं चलने लगी। मंद चल रही उत्तरी हवाओं के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है, इसके कारण लगातार तापमान में गिरावट आ रही है, इसके कारण ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। इस वर्ष नवंबर माह में उतनी ठंडी नहीं पड़ी,जितनी पड़नी चाहिए, लेकिन जैसे ही दिसंबर माह की शुरूआत हुई, वैसे ही मौसम का मिजाज बदल गया और इसके बाद जब मौसम साफ हुआ तो दिन में लगातार धूप खिले होने के बावजूद हवा में नमी के कारण दिन में भी हल्की ठंड लगती है और शाम ढलने के बाद तो तापमान में गिरावट होना शुरू हो जाता है, इसके कारण शाम ढलने के बाद ठंड का असर तेज हो जाता है। शहरी क्षेत्र के बाहर मैदानी भाग में जमकर ठंड पड़ रही है। जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर को दिन में अधिकतम तापमान 24 डिग्री तथा न्यूनतम 7 डिग्री दर्ज किया गया। लगातार बढ़ रही ठंड के प्रभाव के कारण सुबह के समय लोगों का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। सुबह होने के साथ ही लोग धूप का आनंद भी लेना शुरू कर देते हैं तथा इन दिनों सुबह व शाम ढलने के बाद कई लोग अपने शरीर को गर्म करने के लिए अलाव का सहारा लेने लगे हैं।



स्कूल परिसर में धूप में प्रार्थना करते बच्चे।

### समय में परिवर्तन

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में पड़ रहे अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर तथा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए एक माह के लिए जिले में संचालित सभी स्कूलों के संचालित समय में परिवर्तन करने का आदेश बीते 15 दिसंबर को जारी किए। जानकारी के अनुसार जिले में दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं की प्रथम पाली प्रातः 9 से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 12:45 से शाम 4:15 बजे तक सोमवार से शनिवार खुलेंगे। वहीं एक पाली में संचालित शालाएं सोमवार से शनिवार प्रातः 10:30 बजे से सायं 3:30 तक खुली रहेंगी। यह परिवर्तन आगामी माह 15 जनवरी तक के लिए जिले में संचालित विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने के आदेश जारी किए हैं।

### 24 से शीतकालीन अवकाश

इन दिनों ठंड का असर तेज हुआ है और लगातार ठंड में बढ़ोतरी होती जा रही है। ठंड के बढ़ते असर के कारण विद्यालयों के समय में परिवर्तन कर दिया गया है, वहीं आगामी 24 दिसंबर से विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश 24 से 30 दिसंबर तक रहेगा, लेकिन इसके अगले दिन 31 दिसंबर रविवार अवकाश है, इस कारण विद्यालय शीतकालीन अवकाश के बाद सीधे नए साल 2024 में खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि दिसंबर माह में ही अत्यधिक ठंड का असर रहता है, जिसे ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा अपने पूर्व निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर में उक्त अवधि में शीतकालीन अवकाश घोषित कर रखा है।



विधायक का स्वागत करते ग्रामीण।

# नवनिर्वाचित विधायक श्याम बिहारी पहुंचे ग्रामीणों के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सीएम के शपथ ग्रहण के बाद फिलहाल राजधानी से लौटकर अपने-अपने क्षेत्र की जनता के पास नव निर्वाचित विधायक अपने-अपने क्षेत्र में लौट आए हैं और अब अपनी जनता के दिए हुए स्नेह व प्रेम के लिए आभार प्रकट करने वह उनके सामने पहुंच रहे हैं।

■ जगह-जगह स्वागत, विधायक ने मतदाताओं का जताया आभार

विधानसभा नंबर 2 मनेन्द्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल शपथ ग्रहण से आने के बाद तत्काल अपने क्षेत्र की जनता के दिए आशीर्वाद व जनता द्वारा उन्हें चुनकर विधानसभा में भेजने को लेकर क्षेत्र की जनता के समक्ष आभार प्रकट करने पहुंचे, इसके लिए उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करने के लिए आभार रैली का आयोजन किया, जो आभार रैली दुग्गी से सुबह 9 बजे निकलकर सिंघत, ठग्गांव, दुबछोला, अखराडांड़, बरमपुर, नागपानी, कदरेवा, आमाडांड़, मेरो, उधनापुर, कौड़ीमार, शिवपुर, देवाडांड़, सलका, पैनारी, मेंड्रा, कोड़ा में रात 9 बजे संपन्न हुई। इस पूरे 12 घंटे की रैली में विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने क्षेत्र की जनता के दर्शन किए और उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने जो आशीर्वाद उनको दिया उस आशीर्वाद का वह सम्मान करते हैं और इस आशीर्वाद के लिए वह काम करेंगे, जनता हित में सारे काम होंगे, जनता को सुख-सुविधा मिले इस पर पूरा ध्यान होगा। मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल दूसरी बार विधायक चुने ⏭ शेष पेज 4 पर

# कलेक्टर ने ली बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा।

**एमसीबी।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने गुरूवार को सभा कक्ष में राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में जानकारी दी।

■ पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियां पर की चर्चा

उन्होंने बताया कि निर्धारित न्यूनतम दूरी एवं अधिकतम मतदाता संख्या आदि मापदंडों के अनुरूप मतदान केन्द्रों को स्थापित रखने एवं मतदान केन्द्रों में भीड़ कम करने के लिए मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव तैयार करते समय निम्नलिखित बिंदुओं का ध्यान रखा जाए। बढ़ती हुई जनसंख्या एवं बसाहट के कारण अनुभागों का नए सिरे से सीमांकन एवं नामकरण करना होगा। अनुभागों का युक्तियुक्तकरण एवं मतदान केन्द्र की वर्तमान सीमाओं में परिवर्तन इस प्रकार करें कि मतदान केन्द्र मतदान क्षेत्र के हिसाब से कॉम्पैक्ट हो जाए तथा मतदाताओं की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक होने पर जहां तक संभव हो उसी परिसर में अनुभागवार मतदाताओं को स्थानांतरित कर समायोजित किया जाना चाहिए, लेकिन यदि उसी परिसर में व्यवस्था न हो तो नया मतदान केन्द्र बनाया जा सकता है।

### महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने ली बैठक

**एमसीबी।** गुरुवार को कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके खाती द्वारा परिपोषक पालकत्व विषय पर परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षकों की बैठक ली गई। उन्होंने परिपोषक पालकत्व के विधानसभा निर्वाचन के कारण लंबित प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्ण करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित कर दिशा-निर्देशों से अवगत कराया एवं कहा कि यह प्रशिक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इस पर बहुत सूक्ष्म अध्ययन करें, ताकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्तर पर प्रशिक्षण के उद्देश्यों की सुगमता से प्राप्ति हो सके।

# बदला नाम, अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग संचालक ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखकर आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का नाम परिवर्तन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। जारी पत्र में भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पत्र के हवाला देते हुए पत्र जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पत्र मिलने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के संचालक ने सभी सीएमएचओं को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर अंतर्गत कई स्वास्थ्य केन्द्रों को सफलता पूर्वक आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित किया जा रहा है। यह सेंटर सभी जरूरी संसाधनों से परिपूर्ण है, इसके माध्यम से आमजन को उनके घर के निकट ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं, अब इस सेंटर का नाम बदलकर आरोग्यम परमं धनम टैगलाईन के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने के लिए दिशा-निर्देश प्रसारित किए गए हैं। आदेश के पालन में जिले के आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का नाम बदला जा रहा है। साथ ही डॉ.प्रिंस जायसवाल को आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरिया का जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है।




आयुष्मान आरोग्य मंदिर।

त्यौहार को लेकर चर्च में विशेष प्रार्थना शुरू

# मसीही समाज ने निकाली क्रिसमस रैली



बच्चे बने स्वर्ग दूत।



रैली में शामिल समाज के लोग।

**बैकुण्ठपुर।** संयुक्त मसीही सेवा समिति के तत्वाधान में 15 दिसंबर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में विशाल क्रिसमस रैली का आयोजन किया गया।



जानकारी के अनुसार क्रिसमस रैली शुक्रवार की दोपहर बाद से शहर से लगे रामपुर स्थित कैथोलिक चर्च परिसर से प्रार्थना सभा के साथ शुरू हुई। प्रारंभ स्थल से क्रिसमस रैली केन्द्रीय विद्यालय रामपुर होने मुख्य मार्ग पहुंची और यहां से प्रतीक्षा बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, फव्वारा चौक होते कुमार चौक पहुंची, यहां पर प्रार्थना की गई और इसके बार क्रिसमस रैली मुख्य मार्ग से होते हुए उपभोक्ता फोरम के पास से खुटहनपारा रोड होते हुए ईएलसी कैंपस पहुंचेगी। क्रिसमस रैली में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष युवक-युवतियां शामिली रही, जिनके द्वारा गीत संगीत के साथ जश्न मनाते रैली में चल रहे थे। आयोजित रैली में शहर सहित आस-पास के कई ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग रैली में शामिल हुए।

### सांता क्लाज ने बच्चों को बांटी ट्रॉफी

शहर में निकली क्रिसमस रैली में जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए, वहीं आयोजित रैली में कुछ बच्चे व युवा सांताक्लाज का वेशभूषा धारण कर चल रहे थे, जो रैली में बच्चों को टॉफियां भी बांटते चल रहे थे। रैली के भीड़ में सांताक्लाज को देखकर बच्चे भी प्रभावित हुए और ट्रॉफी मिलने के बाद प्रसन्नचित दिखाई दिए। क्रिसमस रैली में कई सांताक्लाज का रूप धारण कर साथ चलते रहे।

### प्रभु यीशु के आगमन का संदेश

क्रिसमस रैली निकाल कर मसीही समाज के लोगों के द्वारा प्रभु यीशु के आगमन का पर्व क्रिसमस के आने का संदेश देने के लिए रैली निकाली। रैली के साथ वाहन में भी कई लोग सवार थे और समाज के लोग गीत गाते भी चल रहे थे, जो लोगों को क्रिसमस आने का संदेश दे रहे थे।


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक |**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक |**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................. (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |

1. आवेदक का नाम .................. 2. पिता / पति ..................
3. जन्म तिथि अंकों में .................. 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................. पोस्ट .................. तहसील ..................
थाना .................. जिला .................. पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................. मो. नं. 2 .................. वाट्सअप नं. ..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923


## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नवापारा का मामला

# मध्यान्ह भोजन में कीड़े वाले चावल का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कभी भोजन की गुणवत्ता और मेन्यू को लेकर तो कभी मात्रा को लेकर विवादों में रहने वाली मध्यान्ह भोजन योजना अब घटिया किस्म के राशन को लेकर सुर्खियों में है। स्कूल में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए जो चावल इस्तेमाल किया जा रहा है, उसमें इल्ली और कीड़ों की भरमार है, इसके चलते कई बार साफ करने के बाद भी कीड़े पूरी तरह साफ नहीं हो पाते।

स्कूल में मध्यान्ह भोजन करने वाले बच्चे मजबूरी में इसी चावल को खा रहे हैं। यह स्थिति एमसीबी जिले के नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय नवापारा की है। स्कूल के कर्मचारियों ने भी चावल में कीड़े होने की पुष्टि की है। नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों ने बताया कि मध्यान भोजन के लिए जो चावल उपयोग में लिया जा रहा है, उसमें सफेद इल्लियां और कीड़े लगे हुए हैं। जानकारी के अनुसार शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नवापारा में पहले से आठवीं तक करीब 400 बच्चे अध्ययनरत है, इनके लिए स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है। कर्मचारियों की माने तो स्कूल के प्राचार्य को इस मामले में ⏭ शेष पेज 4 पर



चावल में पड़े कीड़े।

### रसोइयों को कीड़े अलग करने की जिम्मेदारी

जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद विद्यालय नवापारा में पहले से आठवीं तक करीब 400 बच्चे अध्ययनरत है। बच्चों के लिए स्कूल में मध्यान भोजन बनाया जाता है। स्कूल में 1:30 बजे मध्यान्ह भोजन बनकर तैयार हो जाता है, इसके बाद लगभग तीन से चार बजे तक मध्यान ⏭ शेष पेज 4 पर

### बोरियों में रखा है कीड़े वाला चावल

जानकारी के अनुसार बुधवार को भोजन पकाने के लिए निकाले गए चावल में सफेद इल्लियां व छोटे-छोटे कीड़े ज्यादा पाए गए। बोरियों में भरा चावल भी खराब हो चुका है। यहां मौजूद चावल काफी मोटा होने के साथ ही कीड़े लग जाने से चावल का रंग ही बदल गया है। भोजन में लापरवाही के ⏭ शेष पेज 4 पर

### जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

चावल में कीड़े होने की शिकायत मिली है। मामले में स्वामी आत्मानंद नवापारा विद्यालय में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की जांच की जाएगी। जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

**-अजय मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी एमसीबी

## खबर संक्षेप

### एलिन खेस्स बनी पंडरीपानी की सरपंच



**फरसाबहार।** जशपुर जिले के विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच त्रिलोक परहा के आकस्मिक निधन हो जाने से स्थानापन्न सरपंच के नियुक्ति के लिए पंचों के सरपंच चयन की कार्यवाही की गई। जिसमे दो प्रत्याशी श्रीमती कुँवर मती पैंकरा एवं श्रीमती एलिन खेस्स का नाम प्रस्तावित हुआ। मतदान कार्यवाही में श्रीमती कुँवर मती पैंकरा को 8 मत एवं श्रीमती एलिन खेस्स को 12 मत प्राप्त हुए। जिसमे 4 मतों से श्रीमती एलिन खेस्स को विजयी घोषित किया गया। स्थानापन्न सरपंच चयन कार्यवाही के दौरान अंश तिर्की, संजय कुजूर, अपोलिया एक्का, जंघा साय, प्रेमशीला पैंकरा, संतोष नायक, आशा गुप्ता, गंगी देवी, कुंवर मती पैंकरा, कौशल्या बाई, मारिया गौरेती, हरिकिशन, अजित कुमार, राजेश कुजूर, दीपक चौहान, एलिन खेस्स, सुनीता टोप्पो, दोमनिक मिंज, मेरिस्तेला मिंज एवं सुशीला यादव उपस्थित रहे।

### विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय विजयी



**जशपुरनगर।** सन्त गहिरा गुरु विश्विद्यालय अम्बिकापुर के तत्वावधान में सरगुजा संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 दिसंबर को शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर के द्वारा एस्ट्रो टर्फ हांकी स्टेडियम में किया गया। जिसमें सरगुजा परिक्षेत्र के 02 टीम ने भाग लिया जिसमे शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय विजेता रहा एवम शासकीय एनईएस पीजी महाविद्यालय उप विजेता रहा। कन्या महाविद्यालय ने मैच में शासकीय एनईएस महाविद्यालय जशपुर को 10-0 से हराया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय एनईएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार रक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा हार जीत खेल का एक हिसा है, हार जीत से ज्यादा खेल में भाग लेना जरूरी है, खेल हमे अनुसाशन सीखता है, उन्होंने कन्या महाविद्यालय के छात्रओं एवम प्रभारी प्राचार्य क्रीड़ा अधिकारी श्री एस केरकेट्टा कोच समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी।

### तहसीलदार ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** मनोरा के तहसीलदार राहुल कौशिक ने शुक्रवार उप स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। तहसीलदार कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ उपस्थिति की जानकारी ली एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। अनुपस्थित कर्मियों के बारे में बीएमओ को दिया गया है।

### छात्रवृत्ति के स्वीकृति वेबसाइट पर ऑनलाइन कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

## सोल्डर वर्क का काम अधूरा

# पीडब्ल्यूडी ने तैयार की मौत की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार



जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के बाजार चौक से तामामुण्डा आने वाली सड़क जो चर्च रोड़ के नाम से जानी जाती है। इस सड़क पर पीडब्ल्यूडी विभाग के डामरीकरण कर दिया गया है। किंतु अर्दन साइड में मिट्टी मुरुम नही डाली गई है। साथ इसी सड़क पर पाइप डाल कर पुलिया के निर्माण किया गया है। किंतु मिट्टी मुरुम नही डाली गई है। जिसके कारण इस रास्ते मे दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बन गई हैं। यह सड़क मौत की सड़क है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी अगर तत्काल सड़क एवं पुलिया के पास मिट्टी मुरुम नही डालते है। जल्द ही यह सड़क खूनी सड़क बन जाएगी। लोक निर्माण विभाग पत्थलगांव के अनुविभागीय अधिकारी एस के पैंकरा से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि तत्काल सोल्डर वर्क किया जाएगा।



## तहसील परिसर में निर्माणाधीन अधिवक्ता कक्ष धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

जशपुर जिले के फरसाबहार तहसील कार्यालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने लिए अधिवक्ता कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की एजेंसी लोक निर्माण विभाग है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अम्बिकापुर के ठेकेदार बारीक कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह कार्य ठेके पर दिया है। यह कार्य पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज की पहल पर स्वीकृत हुआ था, कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। जिसकी वजह से यह निर्माणाधीन भवन के एक तरफ की दीवाल का ऊपरी हिस्सा अचानक गिर गया। राहत की बात यह रही दीवाल का ऊपरी हिस्सा गिरने से कोई हताहत नही हुआ है।

- घटिया निर्माण सामग्री एवं तकनीकी के कारण हुआ हादसा

अधिवक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक यू डी मिंज के द्वारा 3 माह पूर्व भूमिपूजन किये जाने के बाद कक्ष का निर्माण शुरू किया गया था । तकरीबन डोर लेबल तक निर्माण पहुंचने के बाद 1 माह से ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। विदित हो कि लगभग साढ़े 5 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिवक्ता कक्ष का निर्माण किया जा रहा था लेकिन डोर लेबल तक निर्माण पूरा होने से पहले बीती रात कक्ष का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया । अधिवक्ताओं ने बताया कि इस कक्ष की स्वीकृति पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रदान की गई थी और इस कक्ष का शिलान्यास पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज ने किया था।

लोक निर्माण विभाग पत्थलगांव संभाग के अनुविभागीय अधिकारी संतोष पैंकरा ने बताया कि दरवाजे एवं खिड़की के लिए बनाए गए छज्जे से सेंटरिंग हटा दी गई थी और ऊपर ईंट जुड़ाई नही हुई थी जिसके कारण डोर लेबल के ऊपर का हिस्सा गिर गया। उसे पुनः निर्माण किया जाएगा।

## हितग्राहियों को व्हील चेयर श्रवण यंत्र एवं छड़ी वितरित



भूतपूर्व सैनिक को किया गया सम्मान।

**जशपुनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शुक्रवार को भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में इस क्षेत्र में निवासरत 95 भूतपूर्व सैनिक एवं 50 वीर नारियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में सम्मिलित सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियों को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन धमेन्द्र प्रताप सिंह (सेनि) द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र शासन की विभिन्न कल्याकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री ठाकुर ने जिले में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियों को संबोधित करते हुए बताया कि जिला प्रशासन सदैव आपके साथ है, अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से हम तक पहुचाये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर श्री ठाकुर द्वारा विभन्न हितग्राहियों को व्हील चेयर, श्रवण यंत्र एवं छडी वितरण किया।

## वंदना ने बढ़ाया जिले का मान

### नेशनल गेम्स में रजत पदक प्राप्त करने पर कलेक्टर ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इस बात को उजागर करती है। बगीचा ब्लॉक की ग्राम बम्बा निवासी गोल्फ खिलाड़ी कुमारी वंदना मिंज पिता रामानुश मिंज जिन्होंने कम समय में ही जिले का नाम पूरे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। शुक्रवार को कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल से मिलकर कुमार वंदना मिंज ने अपनी उपलब्धियों को साझा किया।

कलेक्टर श्री मित्तल ने जिले का नाम पूरे देश भर में रौशन करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले की बेटी प्रदेश नहीं अपितु पूरे देश से बाहर जाकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रही है। कुमारी वंदना मिंज ने बताया कि उन्होंने हाल ही में गोवा में 01 से 03 नवम्बर 2023 तक आयोजित नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल इवेंट में तीन राउण्ड चले इस प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया है। जो कि जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उहोंने बताया कि विगत दिवस 13 से 15 अगस्त 2023 को थाईलैण्ड में आयोजित ओपन गोल्फ अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विजेता बनी। कुमारी वंदना मिंज ने जिले के सभी बालिकाओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ आप अपना शारीरिक विकास करते है, बल्कि यह हमें आत्म विश्वास भी देता है। जिससे हम हर क्षेत्र में अपने आप को बेहतर साबित करने में सक्षम होते है। उन्होंने जिले की बालिकाओं को भी किसी न किसी खेल से जुड़ने की बात कही। उक्त उपलब्धि हेतु जिले से सभी खेल प्रेमियों एवं कोच भूपेन्द्र कुमार प्रसाद ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।



वंदना को बधाई देते कलेक्टर।

## अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर चांपा जिले में 15 से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन, खोखरामांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। सीईई में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन दिनांक 15 से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन, खोखराभांठा जांजगीर में किया जा रहा है। जशपुर जिले के सीईई में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन के लिए 19 दिसंबर को तिथि निर्धारित की गई है। जिला प्रशासन के द्वारा जांजगीर-चांपा जाने वाले इच्छुक थल सी भर्ती में जाने वाले के लिए बस की व्यवस्था की गई है। 18 दिसंबर को सुबह 10 बजे जांजगीर-चंपा के लिए रंजीता स्टेडियम से बस रवाना होगी। इच्छुक युवक समय पर उपस्थित होकर सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

## आम रोड पर वाहन खड़ा करना पड़ा महंगा, यातायात पुलिस ने 6 गाड़ियों की बनाई जब्ती

**जांजगीर-चांपा ।** अनावश्यक रूप से मेन रोड पर खड़ी करना चालकों पर तब महंगा पड़ गया, जब यातायात के पुलिस जवान ने उक्त वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई कर दी। साथ ही विभिन्न धाराओं के तहत 66 चालकों से 19 हजार रुपए का संमन शुल्क वसूल किया गया है। ज्ञात हो कि मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 66 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 19 हजार समन शुल्क लिया गया। इसके अलावा मेन रोड व आम रोड में बड़े वाहनों को खडे किए पाए जाने पर 6 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 283 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वाहनों को जब्त किया गया। वाहन चालक को गिरफ्तार कर चालको के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। वाहन चेकिंग के दौरान थाना बलौदा क्षेत्र में 20 वाहन चालकों द्वारा वाहन का कागजात पेश नही करने पर वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 130 (3), 177 मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। 13 दिसंबर को वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना समेत कुल 66 वाहनों पर यातायात अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 19 हजार का जुर्माना वसूल किया गया।

## एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने आज सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की जानकारी ली और उपस्थित पंजीकरण किया। जिसमें सभी डॉक्टर उपस्थित पाए गए और दो कर्मचारी अवकाश पर थे। एसडीएम सुश्री त्रिपाठी ने सभी मरीज वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने बताया कि कुल 27 मरीज भर्ती हैं। 2 मरीजों की डायलिसिस चल रही थी।अब तक कुल 250 राउंड डायलिसिस पत्थलगांव में किया जा चुका है। एनआरसी केंद्र में 7 बच्चे भर्ती हैं। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान हमर लैब के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और एक सप्ताह के अंदर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोनोग्राफी के लिए महिलाओं की भीड़ ज्यादा होने के कारण शेड्यूल 2 से बढ़ा कर 3 दिन करने बाबत निर्देशित किया गया। इस दौरान इलेक्ट्रोफोरिसिस सही तरीके से काम करना पाया गया साथ ही सिकल सेल के मरीज लगातार पहचान हो रही है और सफाई कार्य भी अच्छे से हो रहा है।

- हमर लैब के निर्माण कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश



### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 को

**जशपुरनगर।** रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के द्वारा 19 दिसंबर 2023 को 697 पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में सेफ इंटेलीजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा 650 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जो केवल पुरुषों के लिए है। जिसके अंतर्गत सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर और लेबर के पद शामिल हैं। इसी प्रकार एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस पत्थलगांव के द्वारा 47 पद पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इनमें लाइफ मित्र, डेवलपमेंट मैनेजर, टीम मैनेजर और सेल्स सपोर्ट के पद शामिल है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 19 दिसंबर 2023 को सुबह 11.00 बजे समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

## हितग्राही अब स्वयं बना सकते हैं अपने मोबाइल ऐप से आयुष्मान कार्ड

**जशपुरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनातंर्गत अब आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कॉमन सर्विसेस सेटर, योजनांतर्गत पंजीयकृत निजी एवं शासकीय चिकित्सालयो का अब चकर काटने की आवश्कता नही हितग्राही स्वयं आपने मोबाई एप से अपने एवं परिवार का आयुष्मान कार्ड बना सकते है। मरीजो को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को और भी अपग्रेड कर दिया हैं ।

पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाईल एप से लॉगिन कर वे अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगें। केन्द्र सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है, इसके लिए पात्र हितग्राहियो को पहले अपने मोबाइल नंबर से वेबसाइट को खोलना होगा, आगे पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकेंगे। केंद्र की बीपीएल परिवार के लिए 5 लाख रूपये तक इलाज की योजना एक ही सर्वर से ऑपरेट होती है इस वजह से हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड घर बैठे बन सकेंगे। जशपुर जिले में आयुष्मान हेतु पात्र हितग्राहियो की संख्या 90879 इनमें से 752274 हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड बन चुके है एवं आयुष्मान कार्ड जिले के कुल 14615 हितग्राहियो ने कुल 133418901 राशि का निःशुलक ईलाज प्राप्त किया हैं। जिला प्रभारी आयुष्मान भारत के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनोन के लिए आयुष्मान कार्ड निःशुल्क एवं स्वय आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज में से राशन कार्ड, आधार कार्ड की जरूरत होती हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप व आधार फेस रेड ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद बेनेफिशरी विकल चुनना होग और अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इसके आगे स्टेट छत्तीसगढ़ राशन कार्ड विकल्प का ही चयन कर सर्च बाय फैमिली आईडी डिस्ट्रिक्ट में अपना जिला चुने और फैमिली आईडी राशन कार्ड दर्ज करें। इसके बाद परिवार के सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी, जिन सदस्यों का नाम हरा रंग में होगा। उनका आयुष्मान कार्ड बन चूका है एवं नि सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा उनका कार्ड बनाना होगा उनके नाम के सामने डो-केवाईसी विकल्प पदर्शित होगा। आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जाकर ओटीपी डालकर लॉगिन करना है। डो-केवाईसी विकल्प पर चयन कर आगे आधार ऑर्थेटिकेशन हेतु 4 विकल्प प्रदर्शित होगे।

### कलेक्टर ने वैज्ञानिक और देशी ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान पर दिया जोर

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमशीलता को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता बनाने और बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टेम) द्वारा गांव गोद लेकर आवश्यक जानकारी एकत्र करने के कार्यक्रम के तहत छात्रों और (निफ्टेम) प्रबंधन की टीम इन दिनों जशपुर जिले के दौरे पर है।

इस दौरान टीम के संरक्षक, निफ्टेम कुंडली के डॉ.प्रसन्न कुमार जीव्ही ने कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के साथ विलेज एडाप्शन प्रोग्राम के उद्देश्यों और इसकी गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर डॉ.मित्तल ने निफ्टेम के प्रयासों की सराहना करते हुए जशपुर जिले में बड़ी मात्रा में उगाए जाने वाले जवाफूल चावल, महुआ फूल, मिलेट, कोदो, कुटकी, कटहल, काजू, इमली और नाशपाती के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निफ्टेम कुंडली की वीएपी गतिविधियां जशपुर जिले के छात्रों और किसानों, खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों, एफपीओ, एफपीसी, सहकारी समितियों, एसएचजी के लिए वैज्ञानिक और देशी ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान के लिए एक परस्पर सीखने का सक्षम माहौल बनाएगी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी। बेहतर आय सृजन के लिए डॉ.प्रसन्ना ने समर्थ जैन (जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी) के साथ मंथन फूड लैब (जिला प्रशासन की एक पहल) और अन्य प्रसंस्करण केंद्रों का दौरा किया और जिले में चल रही विभिन्न प्रसंस्करण गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्र की और समस्याओं के क्षेत्रों पर चर्चा की। गौरतलब है कि विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत (निफ्टेम) कुंडली के फैकल्टी मेंटर के साथ 9 बी.टेक छात्रों की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, खाद्य संरक्षण और कटौती के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों के प्रसार पर विशेष ध्यान केन्द्रित करेगी। जशपुर जिले में यह टीम 13 से 21 दिसम्बर तक ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा करेगी। इस कड़ी में टीम द्वारा एमओएफपीआई (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय), सरकार की पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकता) योजना से भारत के किसानों, खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों, एफपीओ, एफपीसी, सहकारी समितियों और स्व-सहायता समूहों को योजना के संबंध में जानकारी देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन उपस्थित थे।



कलेक्टर से बातचीत करते वैज्ञानिक समर्थ जैन।

## एसडीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ली बैठक



**पत्थलगांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने आज पत्थलगांव के जनपद पंचायत सभा कक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जनपद सीईओ, ब्लॉक योजनाओं के अधिकारी और सभी पंचायत सचिवों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए अधिकारियों को अवगत कराया कि स्वागत, संकल्प समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्थानीय स्कूल के प्राचार्य से संपर्क करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन में नियमित एंट्री करने के साथ ही अधिक से अधिक जन प्रतिनिधि और जनता को शामिल करने के विषय में निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### 111 हेक्टेयर भूमि शासकीय मद में हस्तांतरित

**अंबिकापुर।** शासकीय भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से निजी मद में दर्ज कराने के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जन चौपाल में कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद जांच उपरान्त यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि जन चौपाल में विकासखंड सीतापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरंगा व बरिमा के सरपंच व अन्य ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि मैनपाट के ग्राम कंडराजा, बरिमा, नर्मदापुर की शासकीय भूमि को कुछ लोगों द्वारा निजी मद में दर्ज करा लिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सीतापुर द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। एसडीएम ने बताया कि पंचायत उरंगा के आश्रित ग्राम कण्डराजा के कुल 48 प्रकरणों में विधिवत समस्त दस्तावेजों का जांच कर इश्तहार का प्रकाशन एवं नोटिस तामील कराया गया। अनावेदकों को दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित समय सीमा दी गई थी। समय उपरांत भी उनके द्वारा कोई विधिवत दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके फलस्वरूप ग्राम कण्डराजा के कुल 48 अनावेदकों के कुल खसरा 70 कुल रकबा 111.488 हेक्टेयर भूमि को अनावेदकों द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के फलस्वरूप शासकीय मद में हस्तांतरित किया गया।

### करंजी- बिश्रामपुर रेलवे फाटक तीन दिनों तक रहेगा बाधित

**बिश्रामपुर।** भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर स्थित करंजी बिश्रामपुर रेलवे फाटक क्रमांक एबी 69 में आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण आगामी 18 से 20 दिसंबर तक बाधित रहेगा।रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ बैकुंठपुर ने एसडीएम सूरजपुर को पत्र प्रेषित कर उक्ताशय की जानकारी दी है। एसडीएम को लिखे पत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने उल्लेख किया है कि करंजी बिश्रामपुर रेल फाटक स्थित रेल पथ पर अनुरक्षण कार्य संरक्षा एवं सुरक्षा नियमों के तहत कराया जाना सुनिश्चित किया गया है,जिस कारण आगामी 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक तीन दिनों के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक उक्त भटगांव बिश्रामपुर मार्ग यातायात हेतु बंद रहेगा।इस दौरान परिवर्तित मार्ग दतिमा खरसूरा रामनगर होते हुए लोग आवागमन करेंगे।

### जमीन विवाद पर ग्रामीण को दिया धक्का, गिरा कुंआ में

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण व उसके पुत्र के साथ मारपीट करने और धक्का देकर कुंआ में गिराने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम सरनाडीह मोंगलियाटांड निवासी प्रमोद सिंह आ. स्व. रामधनी सिंह की ग्राम सरनाडीह में पट्टा की भूमि है। उक्त भूमि पर गांव के संतोष सिंह, अजय सिंह व सुरेश सिंह द्वारा अपना अधिकार बताया जाता था और इस बात को लेकर आए दिन विवाद होता था। 12 दिसंबर को जमीन की नपाई करने के लिए आरआई व कोटवार मौके पर पहुंचे थे। मौका जांच एक बाद आरआई द्वारा दोनों पक्षों के जमीन की सीमा का निर्धारण कर दिया गया था लेकिन इस दौरान संतोष सिंह, अजय सिंह व सुरेश सिंह द्वारा निर्णय से नाराज होकर दोपहर लगभग 2 बजे प्रमोद सिंह के साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कुदाल लहराना शुरू कर दिया गया। कुदाल से ग्रामीण के पुत्र सुदर्शन के पैर में चोट लग गई। इसके साथ ही उन्होंने धक्का मुक्की करते हुए ग्रामीण को कुंआ में गिरा दिया। इस दौरान मौजूद कोटवार व अन्य लोगों ने ग्रामीण को कुंआ से बाहर निकालकर उसकी जान बचाई।

## हेल्थ प्लस



### विनायका मेडिकल का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** मेडिकल एसोसिएशन कोरिया के जिलाध्यक्ष शैलेष गुप्ता के द्वारा 14 दिसंबर को पटना में विनायका मेडिकल स्टोर का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर रूपेश कुशवाहा, डॉ. रितेश कुशवाहा, शीतला प्रसाद कुशवाहा, हीरालाल गुप्ता, विनोद शर्मा, ड्रग इंस्पेक्टर विकास लकड़ा सहित पटना के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शिकार के लिए धड़ल्ले से जंगल में लगा रहे करंट का फंदा

# वन्य जीवों के शिकार की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे अंतराल के बाद वन क्षेत्रों में वन्य जीवों के शिकार के लिए करंट का फंदा लगाने की घटनाओं में वृद्धि होने के कारण वन विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर से सवाल उठने लगे हैं। करंट के फंदे से वन्य जीवों की तो मौत हो ही रही है मानव भी सुरक्षित नहीं है। इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने कारगर पहल नहीं हुई तो भविष्य में यह वन्य जीवों के साथ ही जन जीवन के लिए बड़ी चुनौती खड़ा कर सकता है।

**खास बात**

- वन्य जीवों के साथ ग्रामीण हो रहे शिकार

लम्बे अंतराल के बाद सरगुजा में एक बार फिर वन्य जीवों के शिकार की घटनाएं बढ़ गई है। शिकारी बेखौफ होकर वनों में करंट का फंदा लगा रहे हैं जिसमें फंसकर अपनी जान गंवा रहे हैं। एक साल पूर्व तक इस तरह की घटनाएं आए दिन सामने आती थी। करंट से लगातार हाथियों की मौत होने के बाद वन अधिकारियों ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर संभावित रणनीति बनाकर सख्तीपूर्वक उसका क्रियान्वयन किया था। इस पहल के बाद वन्य जीवों के शिकार के लिए जंगल में करंट का फंदा लगाने एवं हाथियों से फसल की सुरक्षा के लिए करंट का बाड़ लगाने की गतिविधियां पूरी तरह से रूक गई थी। तब विभाग ने दशकों पूर्व दूरस्थ क्षेत्रों में लगाई गई कम ऊंचाई की विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़ाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। दोनों विभाग के कर्मचारियों ने आपसी समन्वय से ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन किया था। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अभियान चलाकर पुरानी विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़ाई गई, जिससे करंट से होने वाली हाथियों की मौत की घटनाएं थम गई। वन अमले ने फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर करंट का बाड़ लगाने वाले किसानों एवं अवैध शिकार के लिए जंगल में करंट का फंदा लगाने वाले ग्रामीण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई करती रही। इसके परिणाम निकला कि एक साल तक इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई। अब फिर से ग्रामीण वन्य जीवों के शिकार एवं फसल की सुरक्षा के लिए धड़ल्ले से करंट का उपयोग कर रहे हैं। विद्युत वितरण कंपनी एवं वन अमले के आपसी समन्वय की कमी एवं अवैध हुकिंग के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने के कारण फिर से इस तरह की गतिविधियां बढ़ गई है।




### हो चुकी है आधा दर्जन से अधिक मौतें

वन्य जीवों के शिकार एवं हाथियों से फसल की सुरक्षा के लिए जंगल किनारे लगाए गए करंट के फंदे की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक हाथी एवं अन्य वन्य जीवों की भी मौत हुई है। वन अधिकारियों की सक्रियता से एक साल तक इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई। एक सप्ताह पूर्व वनपरिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत परसागुड़ी करमीडांड़ जंगल में जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदा की चपेट में आने से नवकी आमाडांड़ निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई थी, वहीं बुधवार को तड़के खेत में लगाए गए करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हुई थी। पड़ोसी जिलों में भी इस तरह की कई घटनाएं घटित हो चुकी है।

### नियमित समीक्षा जरूरी

वन अधिकारी भी ग्रामीणों की इस प्रवृत्ति को बेहद खतरनाक मान रहे हैं तथा इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत बता रहे हैं। वनकर्मी हाथियों की मॉनिटरिंग के दौरान अवैध हुकिंग पर नजर रखते। ग्रामीण भी वन अमले की मौजूदगी में हुकिंग हाथियों की निगरानी से थके-हारे वन अमले की समस्याओं को जानने की कोशिश नहीं करते। क्षेत्रवार समस्याओं का निराकरण करने की कमी विभागीय पहल नहीं होती, जिससे मैदानी अमला बिना उत्साह अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर रहा है। मैदानी अमले एवं क्षेत्रवार समस्याओं का चिन्हांकन कर उनके निराकरण की भी जरूरत है।

### की जाएगी समीक्षा

वन अधिकारियों को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अवैध हुकिंग पर नजर रखने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत अधिकारियों से क्षेत्रवार ट्यूबवेल कनेक्शन की सूची मांगी गई है। जल्द ही वन मंडल स्तर पर बैठक कर इसकी समीक्षा की जाएगी।

-केआर बढ़ई
सीएफ वाइल्ड लाइफ सरगुजा



तालाब की साफ-सफाई करते कर्मी।

# वृहद स्वच्छता अभियान में प्रेमाबग तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

वृहद स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के प्रेमाबाग तालाब में सफाई कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता को मद्देनजर रखते हुए निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है और अपने आस-पास सफाई के लिए आम नागरिकों को कचरा न फैलाने और सफाई रखने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। विदित हो कि स्वच्छ भारत मिशन देशभर में व्यापक तौर पर राष्टीय आंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है और इस मिशन से समाज में बेहतर बदलाव हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान का मकसद सिर्फ घरेलू कचरे या प्लास्टिक वेस्ट रोकना ही नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल वेस्ट, मेडिकल कचरे, प्रदूषण और अन्य सभी तरह के कूड़े से से देश को मुक्त बनाना है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे ने बताया कि अगर हम कचरा केवल डस्टबिन में फेंके,यहां-वहां थूकें नहीं, प्लास्टिक की थैलियों की कम से कम इस्तेमाल करें, प्लास्टिक के जगह कपड़े का बैग उपयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें तो काफी हद तक हम अपने आस-पास के कचरे और प्रदूषण को कम कर सकते हैं।

# धान खरीदी में लापरवाही पर होगी कार्रवाई एसडीएम ने ली केंद्र प्रभारियों की बैठक



**सीतापुर।** समितियों में अब धान खरीदी की प्रक्रिया में अब तेजी आई है। किसान अपना धान लेकर समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए समितियों में पहुंच रहे है। ऐसे में समितियों में किसानों को व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ ही कोचियों के अवैध धान पर रोक लगाने को लेकर एसडीएम रवि राही ने धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। एसडीएम ने धान खरीदी केंद्र प्रभारियों को बारदाना, धान तौलने हेतु हमाल व्यवस्था, रकबा संशोधन खाद बीज उपलब्धता व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसका खरीदी केंद्र पर सभी प्रभारी विशेष ध्यान रखेंगे। इसके अलावा किसानों की आड़ में कोचियों और दलालों का धान समिति में न खरीदा जाए। ऐसा करते पाए जाने पर धान खरीदी केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार रामसेवक पैंकरा समेत सीतापुर मैनपाट बतौली के समस्त धान खरीदी केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

### रामकथा में निकली कलश यात्रा



**चरचा कॉलरी।** श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ भव्य महोत्सव का आयोजन चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित मेन रोड जमुई मोदी समाज मंदिर प्रांगण में 15 से 23 दिसंबर तक किया जा रहा है। 24 दिसंबर को अखंड हरी कीर्तन प्रातः 8 बजे से कर अगले दिन पुर्णाहूति एवं हवन पूजन कर समापन किया जाएगा, साथ ही उसी दिन शाम से भंडारा का आयोजन किया जाएगा। राम कथा के पूर्व शुक्रवार को प्रातः 9 बजे गाजे-बाजे एवं डीजे की धून पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में समाज के लोगों के साथ अन्य महिलाएं काफी संख्या में शामिल रही। व्यास नथुनी पाण्डेय, बैजनाथ धाम एवं यज्ञाचार्य अरुणेश शुक्ला चरचा के द्वारा किया जा रहा है। श्रीराम कथा के सौजन्य कर्ता एंटी करप्शन मूवमेंट के महासचिव दशरथ प्रसाद मोदी हैं।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक संकल्पित हों : मनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/रामानुजनगर

विकासखंड रामानुजनगर शिक्षा विभाग में शिक्षक अनुकरणीय पहल कर रहे हैं। रामानुजनगर के दूरस्थ ग्रामीण अंचल के विद्यालय प्राथमिक शाला राजापुर के प्रधान पाठक धनसिह मरावी ने एक कार्यक्रम आयोजित करके अपने प्राथमिक शाला में दर्ज सभी 60 बच्चों को अपने वेतन से सत्रह हजार चार सौ रुपए मूल्य का स्वेटर प्रदान कर उदाहरण पेश किया है। प्रधान पाठक के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने कहा कि अगले मई में सेवानिवृत होने वाले प्रधान पाठक द्वारा ठंड में गरीब बच्चो को स्वेटर गिफ्ट करना, उनके इस कार्य की शब्दो में व्याख्या नहीं हो सकती। एबीईओ ने बताया कि माध्यमिक शाला तीवरागुड़ी की शिक्षिका ममता वर्मा ने गत माह में स्वयं के वेतन से विद्यालय में पढ़ने वाले 130 छात्रों को लगभग 42 हजार की लागत से टी-शर्ट का निशुल्क वितरण किया।

### जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ग्रामीण अलाव जलाकर ठंड से बचने का सहारा ले रहे है। इस वर्ष रमकोला जैसे घने जंगल के बीच बसे भेलकछ ग्राम में बहुत तेज हवा के साथ अत्यंत ठंड है। ठंड के बढ़ने पर आज शिक्षिका व समाज सेविका प्रतिमा सिंह ने प्रतापपुर के पूर्व बीएमओ स्व. डॉ. नरेंद्र सिंह की स्मृति में आदिवासी जनजाति बाहुल्य ग्राम भेलकछ में 60 परिवारों को सहित जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कमाई का कुछ अंश जरूरतमंद लोगों के सहयोग में लगाना चाहिए।

# सेवानिवत्त कर्मचारियों को पेंशन आदेश के साथ दी विदाई

**बैकुंठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सेवा अवधि पूर्ण कर लेने वाले कर्मचारियों को पेंशन आदेश एवं शाल श्रीफल देकर जीवन के अगले पड़ाव के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर अधिकारी-कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। एक दिन सभी को निर्धारित तिथि अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि धन्यवाद पोर्टल के माध्यम से समस्त पेंशनरों को उनके पेंशन प्रकरण की वर्तमान स्थिति से निरंतर अवगत कराया जा रहा है साथ ही उक्त पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणों की समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है, इसके तारतम्य में 15 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोनहत के अंतर्गत पदस्थ मनराज सिंह, दुर्गा शरण पुरी, सुरेद्र मणी दुबे एवं कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैकुंठपुर के सुमेर सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी पदमाकर सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ सीईओ व अन्य।

# सरपंच ने गांव के बुजुर्गों को साल-श्रीफल देकर किया सम्मानित

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत गुमगरा कला के सरपंच ने बुजुर्गों का सम्मान कर लोगों को अनोखा संदेश दिया है। वर्तमान में कई ऐसे लोग हैं जो अपने बुजुर्गों का सम्मान न कर उनकी देख-रेख करने से कतराते हैं तथा उन्हें वृद्धाश्रम भेज देते हैं। बुजुर्गों का सदैव सम्मान करने का संदेश देते सरपंच लोकनाथ उर्रे ने नई शुरूआत की है। उन्होंने गांव के 60 साल से अधिकतम उम्र के सम्मान में सियान सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस संबंध में बुजुर्गों ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र सहित पूरे जिले भर में कभी बुजुर्गों का सामान कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था। सरपंच ने सराहनीय प्रयास कर उपहार देने, उनका सम्मान करने एवं उनकी बातों को मानने के लिए प्रेरित होंगे। सरपंच ने गांव की मितानिनों को भी साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुरारी लाल, मुंशी कुशवाहा, कपूर साहू, ज्ञान प्रसाद यादव, रमेश साहू, सुनील मरकाम, पीला पोर्ते, गौरी मरावी, कपिलदेव, राजेंद्र गढ़ेवाल, सचिव बिगन राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नवनिर्वाचित विधायक ...

गए हैं, जनता से उनका जुड़ाव पिछली बार भी बेहतर था और वह लोगों के बीच खासे लोकप्रिय हैं, इस बार भी जनता ने उन्हें वहीं प्रेम और स्नेह प्रदान किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमति उर्र, अरुणोदय पाण्डेय, धनंजय पांडेय, जनार्दन साहू, रामलाल साहू, पवन सिंह, रामप्रताप, रमेश जायसवाल, धरमपाल सिंह, श्याम कार्तिक, राजेन्द्र दास, मनोज साहू, विजेन्द्र देवांगन, विनोद पांडेय, पुष्पराज जायसवाल, हरवंश साहू, सत्येन्द्र साहू, दिनेश भगत, अजय मरकाम सहित काफी संख्या में पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मध्यान्ह भोजन में ...

जानकारी है ,बावजूद इसके प्राचार्य द्वारा आज तक इस ओर कोई ठोस कदम नहीं लिया गया। दरअसल स्कूल में 1:30 बजे मध्यान्ह भोजन बनकर तैयार हो जाता है, इसके बाद लगभग तीन से चार बजे तक मध्यान भोजन बनाने वाले कर्मचारियों को चावल से कीड़े अलग करने के काम में लगा दिया जाता है। चावल से कीड़े और सफेद इल्लियां अलग करने के बावजूद भी यह पूरी तरह अलग नहीं होते, कई सारे कीड़े इसी में रह जाते हैं। इसी चावल का इस्तेमाल मध्यान्ह भोजन में भी किया जाता है। कर्मचारियों को कहना है कि विद्यालय के प्राचार्य से कई बार इस मामले की शिकायत की जा चुकी है, बावजूद वह चावल सप्लाई करने वाले सप्लायर पर मेहरबान है। स्कूल में खराब चावल सप्लाई हुआ है और तो और चावल के रखने की व्यवस्था अच्छी नहीं होने के कारण इसमें इल्ली व कीड़े की तादाद भी बढ़ गई है, इसे देखते ही मन विचलित हो जाता है, इसकी शिकायत भी कई बार प्राचार्य से हुई है, लेकिन प्राचार्य के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

**रसोइयों को कीड़े** - भोजन बनाने वाले कर्मचारियों को चावल से कीड़े अलग करने के काम में लगा दिया जाता है। चावल से कीड़े और सफेद इल्लियां अलग करने के बावजूद भी यह पूरी तरह अलग नहीं होते, कई सारे कीड़े इसी में रह जाते हैं। इसी चावल का इस्तेमाल मध्यान्ह भोजन में भी किया जाता है।

**बोरियों में रखा है** - चलते मध्यान्ह भोजन करने वाले बच्चों की संख्या भी काफी कम देखी जा रही है। स्कूल के एक कर्मचारी ने बताया कि चावल बहुत मोटा है और कीड़े लगने के कारण उसमें से बदबू भी आती है, इसलिए कई बच्चे भोजन नहीं करते। कई बार प्रिंसिपल को चावल में कीड़े और सफेद इल्लियां होने की शिकायत की जा चुकी है, बावजूद इसके उनके द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।







